राष्ट्रीय डायबिटीज सेवा योजना (National Diabetes Services Scheme) (NDSS) में आपका स्वागत है।

अब जबकि आप हमारे साथ पंजीकृत हैं, आप छूट-प्राप्त कीमतों पर डायबिटीज शिक्षा कार्यक्रम, संसाधन और उत्पादों जैसी विभिन्न प्रकार की NDSS सेवाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकती हैं ताकि आपको अपनी जेस्टेशनल डायबिटीज का प्रबंध करने में मदद मिल सके।

आपका NDSS रजिस्ट्रेशन कॉर्ड संलग्न है और यह 12 महीने के लिए वैध है।

- NDSS के माध्यम से छूट-प्राप्त डायबिटीज उत्पादों तक पहुँच प्राप्त करने के लिए यह कार्ड अपने साथ NDSS एक्सेस प्वाइंट (NDSS Access Point) पर ले जाएँ, जो कि आम-तौर पर आपकी स्थानीय सामुदायिक फॉर्मेसी होती है।
- अपने क्षेत्र में कम्युनिटी फॉर्मेसी का पता लगाने के लिए **healthdirect.gov.au/search-results/pharmacy** देखें या हमारी NDSS हेल्पलाइन (Helpline) को **1800 637 700** पर फोन करें। यदि आपको दुभाषिए की ज़रुरत है, तो अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service) (TIS) को **131 450** पर फोन करें, और अपनी भाषा बताएँ। दुभाषिए से संपर्क स्थापित कराए जाने की प्रतीक्षा करें, और फिर **1800 637 700** पर कनेक्ट किए जाने के लिए कहें।
- कृपया कॉर्ड के पिछले भाग पर हस्ताक्षर करें। यदि आप 15 वर्ष से कम आयु वाले व्यक्ति हैं या एक बालिग हैं जिसे निरंतर देखभाल मिल रही है, तो आपके माता-पिता या देखभालकर्ता को कॉर्ड पर हस्ताक्षर करने चाहिए।
- आपको NDSS के माध्यम से हर बार उत्पादों के लिए ऑर्डर करते समय या सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करते समय अपने कॉर्ड की आवश्यकता होगी।

इस पत्र के साथ आपको Gestational Diabetes: Caring for yourself and your baby (जेस्टेशनल डायबिटीज: अपना और अपने शिशु का ध्यान रखना) नामक एक पुस्तिका मिली होगी जो गर्भावस्था के दौरान जेस्टेशनल डायबिटीज का प्रबंध करने के सम्बन्धित जानकारी प्रदान करती होगी।

आपको नेशनल जेस्टेशनल डायबिटीज रजिस्टर (National Gestational Diabetes Register) पर पंजीकृत भी किया गया है। और अधिक जानकारी के लिए कृपया इस पत्र के साथ शामिल पुस्तिका देखें।

यदि आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया NDSS हेल्पलाइन को **1800 637 700** पर फोन करें या **ndss.com.au** पर हमारी वेबसाइट देखें।

आपकी भवदीय,

Jan Ridd
महा प्रबंधिका, NDSS
डायबिटीज ऑस्ट्रेलिया (Diabetes Australia)

NATIONAL **GESTATIONAL DIABETES** REGISTER
नेशनल **जेस्टेशनल डायबिटीज** रजिस्टर

nDSS
National Diabetes Services Scheme
An Australian Government Initiative

Hindi | हिन्दी

नेशनल जेस्टेशनल डायबिटीज रजिस्टर में आपका स्वागत है

नेशनल जेस्टेशनल डायबिटीज रजिस्टर नेशनल डायबिटीज सर्विसिज स्कीम (NDSS) का भाग है। इस रजिस्टर का उद्देश्य जेस्टेशनल डायबिटीज से ग्रस्त महिलाओं की गर्भावस्था के दौरान और इसके पश्चात अपने स्वास्थ्य का प्रबंध करने में समर्थन करना है।

जब आप NDSS के साथ रजिस्टर्ड हुई थी, तो आपको नेशनल जेस्टेशनल डायबिटीज रजिस्टर में भी शामिल किया गया था। रजिस्टर नियमित स्वास्थ्य जांचों के लिए रिमांडर भेजकर और आपके भविष्य के स्वास्थ्य का ध्यान रखने में सहायता देकर मदद कर सकता है।

NDSS हेल्पलाइन 1800 637 700
ndss.com.au

diabetes australia

The NDSS is administered by Diabetes Australia

रजिस्टर के बारे में

रजिस्टर निम्नलिखित प्रदान करता है:

- स्वस्थ जीवनशैली के लिए समर्थन, अब और गर्भावस्था के बाद।
- जेस्टेशनल डायबिटीज युक्त आपकी गर्भावस्था के बाद नियमित स्वास्थ्य जांचों के बारे में रिमांडर - ये रिमांडर आपको और आपके जनरल प्रेक्टिशनर (जी.पी.), दोनों, को भेजे जाते हैं।
- आपके लम्बी-अवधि के स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए और अधिक जानकारी तथा सेवाओं के लिंक्स।

अपने विवरण अपडेट करना

- हम गर्भावस्था के बाद आपको जानकारी भेजना जारी रखेंगे।
- ऐसा करने के लिए, हमें आपके वर्तमान डाक पते, ई-मेल, मोबाइल नंबर तथा आपके जी.पी. के संपर्क विवरण की आवश्यकता होगी।
- आप **ndss.com.au/gdm-update** पर या NDSS हेल्पलाइन को **1800 637 700** पर फोन करके अपने विवरण अपडेट कर सकती हैं, या अपना नाम वापिस ले सकती हैं।

आप हमारी वेबसाइट पर अन्य भाषाओं में इस जानकारी का पता लगा सकती हैं।

ndss.com.au/gestational-welcome

Version 3, December 2022.
First published October 2019.
NDSSPTC002H